हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 सर्वमंगला मंदिर से कनकीधाम तक गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# जलस्तर 80 फीसदी पहुंचते ही बांगो बांध में बने हाईडल प्लांट की रफ्तार होगी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बांगो बांध का जलस्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान ही बांगो बांध के जलस्तर में काफी तेजी आई है और जलस्तर 72 फ़ीसदी तक जा पहुंची है लेकिन अभी भी बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बिल्कुल ना के बराबर ही चल रही है। जल संसाधन विभाग के सूत्रों की माने तो 80 फ़ीसदी के करीब पहुंचने के बाद ही हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी। हालांकि सिंचाई के लिए डिमांड के अनुसार ही हाइडल प्लांट को चलाने की बात कही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि गर्मी के दिनों में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 25 फीसदी जा पहुंचा था। इस साल बांगो बांध का जलस्तर काफी तेजी से कम हुआ था। जिसके चलते जल संसाधन विभाग के अफसरों के माथे पर चिंता की साफ झलक रही थी लेकिन इस बार मौसम ने भी भरपूर साथ दिया है। शुरुआती दौर से ही झमाझम बारिश हो रही है और प्लेसमेंट इलाके में लगातार बारिश के चलते बांगो बांध का जलस्तर काफी तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। वर्ष 2024 में बांगो बांध का जल स्तर 28 जुलाई को 349.40 मीटर था जो कुल जलभराव का 55 फ़ीसदी था लेकिन वर्ष 2025 में बांगो बांध का जलस्तर 354.70 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जलभराव का 72 फ़ीसदी है लेकिन अभी भी बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार नहीं बढ़ाई गई है। महज संयंत्र को पानी देने के लिए ही बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 2 घंटे ही संचालित किया जा रहा है। जिससे 250 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा, सक्ती व रायगढ़ से पानी की डिमांड करते हैं तो हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी। हालांकि अभी जल संसाधन विभाग के अधिकारी बांगो बांध का जलस्तर 80 फ़ीसदी पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही 80 फीसदी के करीब वाटर लेवल पहुंचेगी हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ा दी जाएगी और यदि 90 फ़ीसदी पहुंच गया तो बांध में बने हाईडल प्लांट के तीनों यूनिट को 24 घंटे संचालित किया जाएगा ताकि वाटर लेवल को मैनेज किया जा सके। फिलहाल जल संसाधन विभाग के अधिकारी बांगो बांध के वाटर लेवल पर प्रतिदिन निगाहें जमाए हुए हैं और निचली बस्तियों में पहले ही अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## 72 फ़ीसदी पहुंचा बांगो बांध का जलस्तर, 2 घंटे ही चल रहा हाइडल प्लांट



### गेट खोलने पर पहुंचते हैं बड़ी संख्या में पर्यटक

वर्ष 2024 में भी बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में अच्छी बारिश हुई थी जिसके चलते बांगो बांध के गेट खोलने की नौबत आ गई थी। लगभग पांच गेट खोलकर वाटर लेवल को मैनेज किया गया था। इस बार भी अब बांगो बांध भरने के करीब जा पहुंचा है। यदि हाइडल प्लांट को संचालित कर वाटर लेवल मैनेज नहीं हुआ और बांध लबालब हो जाता है तो ऐसी स्थिति में बांगो बांध के गेट को खोलकर वाटर लेवल को मैनेज किया जाएगा। यदि बांगो बांध का गेट खुलता है तो आसपास के पड़ोसी जिलों की बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं और इस नजारे को अपने कमरे में कैद करते हैं।

## कई स्थानों में ओपन जिम के कुछ हिस्से हो गए गायब

# घास के मैदान और कीचड़ में तब्दील हो गए नगर निगम के ओपन जिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम और अन्य औद्योगिक इकाईयों के द्वारा निगम क्षेत्र में तैयार किए गए ओपन जिम बारिश के मौसम में घास के मैदान और कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। कई स्थानों के ओपन जिम में कुछ सामान ही गायब हो गए हैं तो कहीं गंदगी का ऐसा आलम है कि वॉकिंग करने वाले शहरवासी वहां जाना पसंद नहीं करते। सफाई और देखरेख के आभाव में ओपन जिम बिना काम के साबित हो रहे हैं।

**खास बात**
- सुबह वॉकिंग में आने वाले शहरवासी नहीं ले पा रहे लाभ

आम शहरवासियों को ओपन जिम की सुविधा देने के लिए नगर पालिक निगम ने अपने लगभग सभी वार्डों में ओपन जिम बनाए थे। निगम के अलावा कुछ औद्योगिक इकाईयों ने भी अपने सीएसआर मद से शहरवासियों को ओपन जिम की सुविधा दी थी। जो ओपन जिम शहर के पॉश इलाके में है उनकी स्थिति तो कुछ हद तक साफ सफाई और रखरखाव में ठीक ठाक नजर आती है जहां हमेशा निगम के अधिकारियों का आना जाना रहता है इसके अलावा उप नगरीय क्षेत्रों और शहर के बाहरी क्षेत्रों में बनाए गए ओपन जिम की हालत यह है कि बारिश के मौसम में झाड़ियां खड़ी हो गई है। जहां जहरीले जीव जंतुओं का रहवास बना रहता है। ऐसे जिन क्षेत्रों में एक्सासाइस करना शहरवासियों के लिए किसी खतरे से भरा रहता है। कुछ स्थानों की जिम तो यह स्थिति में रहती है वहां कीचड़ का आलम है और गंदगियों का। इस तरह के जिम सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड जहां हमेशा बड़े शासकीय कार्यक्रम होते हैं उस क्षेत्रों का यह हाल है। अन्य स्थानों के जिम की स्थिति देखने लायक है।



पंपहाउस में ओपन जिम के पास फैली गंदगी व कीचड़।



घास फूंस से घिरा व्यायाम करने का उपकरण।

### दर्री और पंप हाउस के ओपन जिम बेजान बने

शहर के उपनगरीय क्षेत्र दर्री में एरिगेशन कॉलोनी के पीछे ओपन जिम आईओसी के द्वारा अपने सीएसआर मद से तैयार किया गया है। वर्ष 2023 में इस जिम को तैयार कर जनता को सौंपा गया था। उसके बाद से आईओसी और निगम के अमले ने जिम की साफ सफाई की ओर ध्यान देना नहीं समझा। जिम के कई सामान कबाड़ियों के भेट चढ़ गए तो कुछ टूट गए हैं। पानी भरे होने के कारण कीचड़ भरे स्थान से एक्सासाइज करना आम लोगों के कठिन हो गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 14 पंप हाउस में ओपन जिम की हालत देखने लायक है जहां देर रात शराबियों के जमावड़ा होने से उनके द्वारा फैलाई गई गंदगी को निगम का सफाई अमला सफाई नहीं करता। कई बार तो जिम आने वाले लोगों के द्वारा ही सफाई अमले को बुलाकर सफाई कराई जाती है।

### निर्माण में भी सुविधाओं को किया दरकिनार

ओपन जिम निर्माण के दौरान सुविधाओं को दरकिनार किये जाने का मामला नजर आता है। निहारिका जैसे पाश इलाके में गार्डन में तैयार किए गए ओपन जिम में प्रतिदिन साफ सफाई होती है। टाईल्स लगाए गए हैं। यहां निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का लगा रहता है। इस दृष्टि से निहारिका क्षेत्र के ओपन जिम क्षेत्र की शोभा बढ़ाते हैं वहीं दूसरी ओर शहर के अन्य क्षेत्रों तथा उपनगरीय क्षेत्रों में तैयार किए गए ओपन जिम अपने स्थिति पर आंसू बहा रहे हैं। यहां न तो टाईल्स लगाए गए हैं और न ही सफाई होती है और न ही घास कटाई का काम किया जाता है। जबकि ओपन जिम की स्थापना में लाख रुपए का खर्च आ चुका है। बालको उपनगरीय क्षेत्र में आंवला गार्डन में ओपन जिम बनाया गया है। जहां की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक मोटरसाइकिल में सवार होकर एक युवक व तीन किशोरी अपने गांव से कनकेश्वर धाम कनकी जा रहे थे कि बीच रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल में सवार तीन किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मोके पर पहुंची और तीनों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां दो किशोरी की बिगड़ती हालत को देखते हुए उन्हें बिलासपुर स्थित एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक की पुलिस खोजबीन शुरू कर दी है।

**खास बातें**
- नुनेरा से मोटरसाइकिल में सवार होकर कनकी जा रहे थे
- तिवरता पेट्रोल पंप के समीप हुआ हादसा, दो किशोरी को बिलासपुर किया गया रेफर

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरमोरा निवासी अभय अगरिया 23 वर्ष पिता सरोज अगरिया अपने रिश्तेदार के घर पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नुनेरा गया हुआ था। जहां से अभय अगरिया ग्राम नुनेरा निवासी अपने रिश्तेदार अर्चना, राधा, रोशनी नामक तीन किशोरी को अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 बीएल 4358 में बिठाकर नुनेरा से चारों लोग कनकेश्वर धाम कनकी जा रहे थे कि दोपहर लगभग 1 बजे तिवरता पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे अभय अगरिया की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीनों किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तीनों किशोरी को उपचार के लिए पाली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया। जहां अर्चना और राधा की बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने बिलासपुर

## कुएं में डूबने से अधेड़ की मौत

**हरदीबाजार।** ग्राम उतरदा के बरपारा मोहल्ला में रविवार को सुखराम पटेल खेत में काम करने गया हुआ था और दोपहर को घर पहुंचा आने पर किसी कार्य से घर के कुएं के पास गया हुआ था। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में जा गिरा। कुआं गहरा होने के कारण वह डूब गया। जानकारी होने पर घटना के तुरंत बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाले। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## खबर संक्षेप

### सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि में प्रवेश अगस्त तक

**कोरबा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं कौशल विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में स्नातक कोर्स अंतर्गत, बीए, बीएससी गणित व जीवविज्ञान, बीकॉम (आनर्स) बीबीए(आनर्स), बी-लिब एंड आईएससी, स्नाकोत्तर कोर्स के अंतर्गत एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमए/एमएससी गणित व कम्प्यूटर साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा अंतर्गत पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा कोर्स अंतर्गत डिप्लोमा इन योग साइंस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन साइकोलॉजीकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा आदि कोर्स शामिल है।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति योजना के संबंध में अधिसूचना जारी

**कोरबा।** भारतीय वृक्षारोपण प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु में कृषि-निर्यात और प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र में 2 वर्ष के एआईसीटीई अनुमोदित स्नातकोत्तर कार्यक्रम अंतर्गत पीजीडीएम इन एग्रीबिजनेस एंड प्लांटेशन मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग एंड बिजनेस मैनेजमेंट एवं एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट एंड बिजनेस मैनेजमेंट कोर्स प्रदान करता है। संस्था वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय नई दिल्ली का एक स्वायत्त संगठन है। साथ ही भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है एवं अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रों के लिए उच्च श्रेणी की शिक्षा के लिए केंद्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति के अंतर्गत पंजीबद्ध है।

### ग्रामों के जारी नक्शा शीटों खसरों पर दावा आपत्ति

**कोरबा।** जिला में असर्वेक्षित ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिसके तहत राजस्व निरीक्षक मंडल ग्रामीण व तहसील कोरबा अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 11 ग्राम भूलाझेरिया एवं राजस्व निरीक्षक मंडल तिवरता, तहसील हरदीबाजार अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 9 ग्राम मसुरिया से प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने से अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही हेतु उद्घोषणा किया जाना है। सर्वेक्षण कार्य एजेन्सी आईआईटी रुड़की द्वारा अंतिम प्रकाशन हेतु तहसील कोरबा अंतर्गत ग्राम भूलाझेरिया के 1 नक्शा शीट, तहसील हरदीबाजार के ग्राम मसुरिया के 1 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है।

# तहसील ऑफिसों में कामकाज रहा ठप, बैरंग लौटे पक्षकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

17 सूत्रीय मांगों को लेकर कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ के चरणबद्ध आंदोलन की सोमवार से शुरुआत हो गई। तहसीलदार, नायब तहसीलदार की हड़ताल पर चले जाने से सभी तहसील कार्यालयों में कामकाज ठप्प रहने के कारण पक्षकारों को पेशी तारीख आगे बढ़ने के कारण बैरंग लौटना पड़ा।

**खास बातें**
- तहसीलदार, नायब तहसीलदार हड़ताल पर गए
- 17 सूत्रीय मांग को लेकर शुरू हुआ चरणबद्ध आंदोलन

तहसीलदार, नायब तहसीलदार के हड़ताल पर जाने की सूचना प्रशासन को एक सप्ताह पूर्व ही कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ द्वारा दे दी गई थी। 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन 17 सूत्रीय मांग को लेकर शुरु किया गया है। पहले दिन ही जिले के सभी तहसील कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह ठप्प रहा। आम पक्षकारों को तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की हड़ताल पर जाने की सूचना नहीं होने की वजह से वह अपने पेशी तारीख को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे हुए थे, जहां अधिकारियों के हड़ताल पर जाने की जानकारी होने पर बैरंग लौटना पड़ा। इसी तरह तहसील कार्यालय के कर्मचारी भी अन्य दिनों की भांति सामान्य तरह से कामकाज निपटाते रहे। राजस्व न्यायालय में अभ्यास करने वाले अधिवक्ता भी सोमवार को तहसील कार्यालयों में कम नजर आये। आम पक्षकारों को अपने अधिवक्ताओं से मिलने के लिए इंतजार करना पड़ा। कई पक्षकार जमीन के सीमांकन, नामांतरण एवं स्थगन आदेश जैसे मामले को लेकर पेशी में उपस्थित होने पहुंचे हुए थे जहां से उन्हें वापस लौटना पड़ा। इसके तहत पहले दिन 28 जुलाई को जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर विरोध प्रदर्शन होगा। 29 जुलाई को संभाग स्तर पर सामूहिक अवकाश एवं प्रदर्शन किया जाएगा और 30 जुलाई को प्रदेश स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यदि 30 जुलाई तक तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों समेत सभी राजस्व अफसरों की मांग पूरी नहीं की जाती है तो इसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा।





तहसील कार्यालय में पहुंचे पक्षकार।

### ये है प्रमुख मांग

सभी तहसीलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, डब्ल्यूबीएन केजीओ नायब नाजिर, माल जमादार भृत्य, वाहन चालक, आदेशिका वाहक राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की जाए। सीधी भर्ती और पदोन्नति का अनुपात पूर्व की भांति 50:50 रखा जाए और पूर्व में की गई घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए। तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति प्रक्रिया, नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने की मांग, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लंबित ग्रेड पे सुधार को शीघ्र किया जाए आदि मांगे शामिल हैं।

# खदानों के बाहर ट्रक व ट्रेलर के 12 घंटे थमे रहे पहिए, आश्वासन पर फिर शुरु हुआ परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ट्रक मालिक ट्रक का भाड़ा बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को हड़ताल पर चले गए थे जिसकी वजह से जिले के विभिन्न खदानों में संचालित होने वाले ट्रक व ट्रेलरों के पहिये थम गए थे। लगभग 12 घंटे तक खदानों में ट्रकों के पहिये थमे रहे। लिफ्टरों द्वारा ट्रक मालिकों को आश्वासन दिया गया। जिसके बाद शाम 7 बजे हड़ताल समाप्त किया गया और परिवहन शुरु किया गया।

**खास बात**
- 5 अगस्त को लिफ्टरों के साथ दीपका सामुदायिक भवन में होगी बैठक



धरना देते ट्रक व ट्रेलर मालिक संघ के पदाधिकारी।

जिले के ओपन कास्ट माइंस के अंतर्गत ट्रक मालिक सेवा समिति के तत्वाधान में वाहन मालिक संगठन के द्वारा हड़ताल का आव्हान किया गया था। उसने पहले ही साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को प्रदर्शन को लेकर अल्टीमेटम दिया था और ⏭ शेष पेज 3 पर

### अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से बढ़ी जनसुविधाएं

**कोरबा।** आज डिजिटल क्रांति की लहर न केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज़ी से अपना प्रभाव जमा रही है। ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया गया है, जिससे ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं का लाभ उनके अपने गांव में ही मिलने लगा है। पहले ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी एवं बैंकिंग सेवाओं के लिए शहरों और तहसीलों तक दूर-दूर जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। वहीं, कई बार लंबी दूरी और अनजान प्रक्रियाओं के कारण जरूरी कार्य भी अधूरा रह जाता था। अब अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीण अपनी मूलभूत जरूरतों जैसे पीएम किसान योजना की पंजीकरण, एईपीएस ट्रांजैक्शन, फार्मर आईडी बनवाना आदि का लाभ मिल रहा है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### दरवाजा तोड़कर घुसा हाथी, धान को किया चट

**कोरबा।** कटघोरा वन मण्डल अंतर्गत केंदई रेंज के कोरबी-चोटिया सर्किल के खुरुपारा में घर को हाथियों ने तोड़ दिया। 2 हाथी ने डेरा डाला है जिससे ग्रामीणों में दहशत है। कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत केंदई रेंज में आने वाले कोरबी चोटिया सर्किल के ग्राम खुरूपारा में बीते रात्रि 2 दंतैल हाथियों ने पूरी रात कोहराम मचाया और कृषक रवि पिता रामचंद्र रजवार के घर के तीन दरवाजे को तोड़कर तहस-नहस कर दिया और रखें धान को खाकर चौपट कर दिया। सूचना मिलते ही मौका निरीक्षण के लिए वनरक्षक प्रहलाद सिदार को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बनिया,औराझुंझ से हाथी तेजी से विचरण करते हुए डंगबोरा, खडफडी, रोदे की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

### लाल मैदान में हरेली पर्व पर हुई विभिन्न प्रतियोगिता



**बालको।** सार्वजनिक हरेली आयोजन समिति के तत्वावधान में बालको नगर के रामलीला मैदान में हरेली तिहार मनाया गया। खेती-किसानी और हरियाली की भावना से जुड़ा यह पर्व समस्त नगरवासियों के लिए उत्सव और संस्कृति का जीवंत चित्रण बना। गणमान्य अतिथियों और समिति सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं कृषि औजारों की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्रीफल तोड़कर और गुड़ का चीला अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की गई। इसके पश्चात राजकीय गीत अरपा पैरी के धार की सामूहिक प्रस्तुति ने वातावरण को छत्तीसगढ़ी रंग में रंग दिया। बालको क्षेत्र और आस-पास के गाँवों से आए कलाकारों, बच्चों और खेल प्रेमियों ने लोकगीत, पारंपरिक नृत्य एवं पारंपरिक खेलों—गेड़ी दौड़, नारियल फेंक व मटकी फोड़—का आनंददायक प्रदर्शन किया। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों में फरा, चीला, खुर्मी, कुसली, अरसा, बोबरा, अनरस, गुजा, बरा, चौसेला, बिजोरी सहित कई पारंपरिक पकवानों की खुशबू और स्वाद ने लोगों को मुग्ध कर दिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

### गिरधारी बने झेरिया बरेठ धोबी समाज बालको के अध्यक्ष



**कोरबा।** आदर्श बालमंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला बालको नगर मे झेरिया धोबी बरेठ समाज बालको का चुनाव संपन्न हुआ। परिक्षेत्र से नियुक्त चुनाव अधिकारीयों द्वारा चुनाव की प्रक्रिया बताई गई। इस बैठक में उपस्थित सभी समाजिक बंधुओं ने सर्वसम्मति से पुनः बालको नगर के सक्रिय समाजिक कार्यकर्ता श्री गिरधारी बरेठ का अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी किया गया। अन्य नवनियुक्त पदाधिकारी अध्यक्ष गिरधारी बरेठ, उपाध्यक्ष रामगोविंद बरेठ, सचिव राजू बरेठ, कोषाध्यक्ष रविशंकर बरेठ, सह सचिव, विपिन कुमार कर्ष, सर्वसम्मति से चुनें गये। इस समाजिक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे संस्थापक सदस्य रामकुमार पाटस्कर, टी.आर. बरेठ, गोपेश्वर बरेठ, मंगल राम निर्मलकर, एमआर बरेठ, चुनाव समिति के सदस्य सदानंद बरेठ, मिलापराम बरेठ पुरुषोत्तम कर्ष, कमला बरेठ तथा भोलाराम कर्ष, बालमुकुंद बरेठ, सत्यनारायण कर्ष, हेमेंद्र बरेठ हेमलाल बरेठ, तोखन प्रसाद कर्ष, नरेंद्र निर्मलकर, बृजनंदन बरेठ, राजकुमार बरेठ, जवाहर बरेठ, मदन बरेठ, हरनारायण बरेठ, खोलबहरा, नागेंद्र बरेठ, शिवलाल बरेठ, रोशन कर्ष, भागवत बरेठ, गांधीराम बरेठ, लेखराम बरेठ, लाला बरेठ, चैतराम बरेठ वीरेंद्र सोन आदि रहे।

### लोजपा के प्रदेश पदाधिकारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में हुए शामिल

**कोरबा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मजदूर संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन राजधानी दिल्ली में किया गया। इस अहम बैठक में देशभर से संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष (लेबर सेल) राजेश पासवान एवं छग प्रभारी राष्ट्रीय सचिव धर्मेन्द्र निगम शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष बी. अरुण नायडू ने बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाई और राज्य के श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया। इस दौरान उन्हें माननीय केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान से वार्तालाप करने का अवसर भी प्राप्त हुआ। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के श्रमिकों की समस्याओं और उनके अधिकारों के संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

## महापौर और पार्षद हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

# सर्वमंगला मंदिर से कनकीधाम तक गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे




कांवर यात्रा में शामिल महापौर, पार्षद एवं अन्य।



जलाभिषेक करते श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सावन का पवित्र महीना भगवान भोलेनाथ के नाम और आस्था का प्रतीक है। इसी कड़ी में सोमवार को कोरबा शहर आस्था और भक्ति का केंद्र बन गया जब सर्वमंगला मंदिर से कनकी धाम (कनकेश्वर) तक विशाल और भव्य कांवर यात्रा निकली। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से शहर की फिज़ा शिवमय हो गई और भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था।

सुबह सर्वमंगला मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजा अर्चना की। भोलेनाथ को जल अर्पण कर वहां से पवित्र जल अपने कांवर में भरकर यात्रा की शुरुआत की गई। सैकड़ों कांवरिए पंक्तिबद्ध होकर, माथे पर चंदन का तिलक और कंधे पर पवित्र कांवर लिए, हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा में महिला और पुरुष, बुजुर्ग और युवा, बच्चे तक बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। जगह-जगह भंडारे, शर्बत और प्रसाद वितरण की व्यवस्थाएं की गई थीं। पूरा मार्ग भक्तिमय, अनुशासित और ऊर्जा से सराबोर था। इस भव्य कांवर यात्रा में महापौर संजू देवी राजपूत और पार्षद नरेंद्र देवांगन ने भी कांवर उठाकर पैदल यात्रा की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने शिवभक्ति में पूरी आस्था दिखाते हुए रास्ते भर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। यात्रा के अंत में उन्होंने कनकी धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और नगर की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस यात्रा में प्रमुख रूप से दिनेश वैष्णव, पुनिराम साहू, सोनू राठौर, मंडल अध्यक्ष, डॉ. राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, प्रताप कंवर, ममता यादव, राकेश वर्मा, युगल किशोर, हेमंत चंद्रा, ज्योति वर्मा, हारबाई यादव, अंबिका, संतोषी लदेर, भजन सिंह, नन्हे दाऊ, यासीन, गिरीश नामदेव, स्मिता सिंह, प्रीति स्वर्णकार, दीपक यादव, धनसाय साहू, प्यारे साहू, कपूर चंद, रामकुमार राठौर, मुकुंद सिंह कंवर, प्रकाश सिंह कंवर, जनक सिंह राजपूत, अनिल यादव, भोलू यादव, स्मिता सिंह, शैलेंद्र यादव, प्रेमशंकर साहू और मनोज राजपूत सहित भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।

### सावन सोमवार में मातृशक्ति ने की भोलेनाथ की पूजा अर्चना



**बांकीमोंगरा।** मुरई कछार खोलार नदी के किनारे जवाली में शिवलिंग स्थापित करके पूजा अर्चना का कार्य प्रारंभ किया जो आज इस क्षेत्र में आस्था का केंद्र बन गया है। भगवान भोलेनाथ के इसे मंदिर के रूप देने का समय जवाली और सिंघाली को पुल मार्ग से जोड़ने का कार्य करने वाले श्री मारुति कंपनी छुरी के व्यापारी श्री अग्रवाल के द्वारा मंदिर निर्माण हेतु प्राप्त सहयोग राशि 21 हजार रुपए का सहयोग दिया। इस तृतीय सावन सोमवार में भी भगवान भोलेनाथ के भक्तों में मातृ शक्तियों द्वारा बेलपत्र धतूरा फुल जलाभिषेक कर श्री फल चढ़ाएं इस प्रातः कालीन बेला पर ग्राम के पूर्व सरपंच संगीता कवंर, गिरजेश्वरी बलराम केंवट, कन्हैयालाल ब ईगा, रमेश,दिल कुमार, विश्राम सिंह, श्रीमती नामदेव, डॉली सारथी, उमा, सुमित्रा, दिल बाई, सुमित, रुचि द्विवेदी, सीमा रजक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। भक्त मंडली महिला मंडली द्वारा आगामी पर्व भोजली मनाने की योजना तैयार की गई जिसके अनुसार नाग पंचमी के दिन भोजली बोने का कार्य समीर कुंभकार के घर में नियमानुसार किया जाना है जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ का द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न



सम्मेलन में उपस्थित बिजली कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ का 13वां दिवार्षिक अधिवेशन 25 जुलाई को श्रम कल्याण केंद्र एचटीपीएस कॉलोनी दर्री कोरबा पश्चिम में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, विशिष्ट अतिथियों में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री एवं विद्युत उद्योग प्रभारी राधेश्याम जयसवाल, भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामंत्री दिनेश कुमार पांडे, अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के उप महामंत्री हरीश चौहान, अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ प्रभारी राजकुमार नायक एवं स्वागत अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक मोदी मंचस्थ रहे। अधिवेशन की अध्यक्षता बीएस राजपूत के द्वारा किया गया एवं संचालन प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ के द्वारा किया गया। अधिवेशन की अंतिम सत्र में आगामी 2 वर्षों के लिए नयी कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में बिलासपुर के संजय तिवारी को दायित्व दिया गया, वहीं महामंत्री के रूप में कोरबा के नवरतन बरेठ को पुनः दूसरी बार दायित्व दिया गया। इसके अलावा कार्यकारी अध्यक्ष-तेज प्रताप सिन्हा, संयुक्त महामंत्री शिवेंद्र केशव दुबे, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे, संगठन मंत्री पीयूष सिन्हा, धमतरी चुने गए, वही प्रदेश कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष एवं 7 मंत्री भी बनाए गए हैं।

## लॉयन्स क्लब ने दुर्घटनाओं को रोकने मवेशियों के गले मे बांधी रेडियमयुक्त पट्टी



रेडियम पट्टी बांधते लायंस क्लब के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि बरसात के अवसर पर मवेशियों के रोड में बैठने की वजह से आये दिन हो रहे दुर्घटना को देखते हुए क्लब के द्वारा नगर निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में दो चरणों में 25 एवं 27 जुलाई को कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र के तहसील चौक से शहीद वीरनारायण चौक होते हुए पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम तानाखार लगभग 6 किलोमीटर तक क्लब के सदस्यों के द्वारा सड़कों में घूम रहे 157 से भी ज्यादा मवेशियों के गले में रेडियमयुक्त पट्टी बांधा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि निश्चित ही आज मवेशियों के रोड पर बैठने से आने जाने वाले वाहन चालकों को जिस प्रकार से असुविधा होती है व कई बार तो ठीक से सही समय पर मवेशियों के वैठे होने के कारण वाहन चालकों को मवेशी दिख नहीं पाते हैं जिसके फलस्वरूप एक बड़ी दुर्घटना हो जाती है। निश्चित ही क्लब के द्वारा मवेशियों के गले मे जो रेडियम पट्टी बांधने की मुहिम चलाई गई है वह सराहनीय है। क्लब के संरक्षक एवं डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया ने बताया कि अक्सर बरसात के समय रोड के अगल बगल की जमीन गीली हो जाती है जिससे मवेशी रोड पर आकर बैठ जाते हैं जिसकी वजह से रात के समय आने जाने वाले वाहनों को अक्सर धोखा हो जाता है परिणाम स्वरूप बड़ी दुर्घटना हो जाती है इन्हीं सब कारणों को देखते हुए क्लब की ओर से मवेशियों के गले मे रेडियम उक्त पट्टी बांधने की मुहिम चलाई गई है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, नरेंद्र अग्रवाल, अतुल मित्तल, संरक्षक नरेंद्र मित्तल, एलसीआईएफ कोआर्डिनेटर विकेश अग्रवाल, प्रचार प्रमुख आशीष अग्रवाल, डायबिटीज चेयरपर्सन राकेश शर्मा, इखलाक शेख सहित नगरवासियों का सहयोग रहा।

## प्रधानपाठक के अमर्यादित आचरण से भड़के पालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय प्राथमिक शाला भदरापारा दर्री में पदस्थ प्रधान पाठक श्रीमती मधु गुप्ता एक बार फिर गंभीर विवादों के घेरे में हैं। विद्यालय में अनुशासनहीनता, शिक्षण में लापरवाही और विद्यार्थियों के साथ अमर्यादित व्यवहार जैसे आरोपों को लेकर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती जागृति सूर्यवंशी, समिति के अन्य सदस्य, पालक वर्ग और मोहल्ले के नागरिकों ने सामूहिक रूप से एक विस्तृत शिकायत आवेदन नोडल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अयोध्यापुरी को सौंपा है। इस आवेदन में उन्होंने श्रीमती गुप्ता को तत्काल विद्यालय से स्थानांतरित किए जाने की मांग की है।

शिकायत में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया गया है कि प्रधान पाठक श्रीमती गुप्ता छात्रों को पढ़ाने के बजाय अधिकांश समय मोबाइल फोन पर व्यस्त रहती हैं। विद्यार्थियों की शैक्षणिक जिज्ञासाओं के प्रति न तो कोई रुचि दिखती है और न ही सहयोगात्मक व्यवहार। जब छात्र किसी विषय को लेकर उनसे सवाल करते हैं, तो वे चिल्लाकर उन्हें अपशब्द कहती हैं और कई बार तो शारीरिक दंड भी देती हैं। इससे विद्यार्थियों में भय और असुरक्षा का वातावरण बन गया है। पालकों का कहना है कि बच्चों ने स्कूल जाने में रूचि खो दी है, जिसका सीधा प्रभाव उनकी पढ़ाई और मानसिक स्थिति पर पड़ रहा है। मध्यान्ह भोजन के समय भी श्रीमती गुप्ता का व्यवहार अमानवीय बताया गया है। आरोप है कि भोजन वितरण के समय वे बच्चों को गालियाँ देकर ज़मीन पर बैठने को मजबूर करती हैं। कई पालकों ने खुद अपने बच्चों को बेंच पर बैठाकर भोजन कराया, लेकिन उन्हें भी प्रधान पाठक द्वारा अपमानित किया गया। यह स्थिति विशेष रूप से वर्तमान बरसात के मौसम में और भी चिंताजनक हो जाती है, जब ज़मीन गीली और अस्वच्छ होती है। यह पहली बार नहीं है जब श्रीमती गुप्ता के खिलाफ शिकायत हुई हो। इससे पूर्व भी 5 अगस्त 2024 को शाला समिति की तत्कालीन अध्यक्ष श्रीमती अनिता लहरे के माध्यम से पालकों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ऐसी ही शिकायत दर्ज कराई गई थी। उस समय स्थानीय पार्षद श्री प्रेमचंद पांडेय के माध्यम से जिला शिक्षा विभाग को पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया था, जिसके बाद विभाग ने जांच अधिकारी नियुक्त किया। जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर गुप्ता को स्थानांतरित कर दिया गया और उनके स्थान पर अरविंद कुमार पाटले को प्रधान पाठक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## कमेटी ऐसे बनाएं जिससे कांग्रेस की विचारधारा एवं कार्यकर्ताओं का हो सम्मान : जैन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोरबा के संगठन ब्लॉक प्रभारी सुधीर जैन ने मंडल, सेक्टर, वार्ड एवं बूथ कमेटी बनाने के लिए संगठनात्मक बैठक लिया। जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में ब्लॉक अंतर्गत वार्ड क्र.1 से वार्ड क्र.37 तक के कांग्रेसजनों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, जोन, वार्ड एवं बूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में कांग्रेस के संगठन ब्लॉक प्रभारी सुधीर जैन ने अपने उद्बोधन में कांग्रेस संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा बूथ, वार्ड, जोन, सेक्टर एवं मण्डल कांग्रेस कमेटी के संगठन के मजबूती को लेकर अपने विचार व्यक्त किया। श्री जैन ने कहा कि आज हमें कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस के विचारधारा के तहत ऐसे लोंगो को कांग्रेस संगठन में जोड़ना होगा। जिससे विरोधी ताकतों से हर स्तर पर सामना किया जा सके। श्री जैन ने कहा कि कोई भी कमेटी ऐसे बनाएं जिससे कांग्रेस संगठन के विचारधारा एवं कार्यकर्ताओं का मान सम्मान एवं स्वाभिमान में कमी न आ पाए। ब्लॉक प्रभारी ने बूथ, वार्ड, सेक्टर एवं मंडल अध्यक्षों के चयन हेतु दिशा निर्देश देते हुए सुझाव आमंत्रित किया और आने वाले समय में एकजूट होकर कांग्रेस को जन–जन की आवाज बनाने का आव्हान किया। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि यह एक विचारधारा है जो गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और शोषित वर्ग के हक के लिए आवाज उठाता है । यह वह विचार है जिसने हमें आजादी दिलाई सविंधान दिया और देश के विकास की राह पर अग्रसर किया। बैठक को पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, प्रदेश सचिव बी एन सिंह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज ने भी संबोधित किया।

### बालको महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव



**कोरबा।** बालको महिला मंडल ने तीज महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। उत्सव में 65 से अधिक सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में अपनी सांस्कृतिक विरासत की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और तीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 6 श्रेणियों में विजेताओं का चयन किया गया, जिसमें तीज क्वीन सीमा साहू, प्रथम रनर-अप अल्का पृथ्विकार, द्वितीय रनर-अप इला छुगानी, मिस स्टनिंग ब्यूटी अनुराधा, मिस एलिगेंट सिम्पलिसिटी सिमरन जैन और मिस ट्रेडिशनल पेजेंट हनी देवले थी। इस आयोजन ने भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की भावना को प्रबल किया, साथ ही क्लब के सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द और एकता को भी सशक्त किया। यह आयोजन क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार के कुशल नेतृत्व और सलाहकार मंडल, श्रीमती वीनेता सिंह, श्रीमती रमा द्विवेदी, श्रीमती वंदना शर्मा तथा श्रीमती दिव्या ओझा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सचिव श्रीमती सुष्मिता श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष श्रीमती पल्लवी पाटिल ने बालको महिला मंडल की सभी सदस्याओं और मुख्य अतिथि के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बालको महिला मंडल अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम से बालकोनगर के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में सदस्यगण श्रीमती मोनिका कोचर, श्रीमती अंकिता सिंह, श्रीमती शिवानी प्रसाद, श्रीमती जागृति सिंह और श्रीमती नीतू वर्मा प्रमुख भूमिका रही। बालको महिला मंडल द्वारा हालिया दिनों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्लब सदस्यों ने मिलकर पौधारोपण किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा का आयोजन, विश्व सोशल मीडिया दिवस पर नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक संदेश साझा किया गया, जबकि विश्व संगीत दिवस पर आयोजित आनंददायक अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### साडा कॉलोनी जमनीपाली में मनाया गया सावन उत्सव



**कोरबा।** साडा कॉलोनी जमनीपाली के नवचेतना महिला समिति द्वारा अग्र मंगल भवन, साडा कॉलोनी जमनीपाली में सावन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महिला समिति के सभी सदस्यों ने इस मनभावन उत्सव में बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं खुशियों के पल बटोरे, फोटो खिंचवाएं, झुला झुले। सावन उत्सव के इस खास पल को और भी मनोरंजक बनाने के लिए अनेंको मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अनेंकों स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी ने लुप्त उठाया। कार्यक्रम संध्या 4 बजे से देर रात तक चलता रहा है। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी जोन तैयार किया गया था, जिसका भी आयोजकों ने आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा अग्रवाल, अहूति भास्कर, डॉ.रितेश, सारिका सिंह, कविता यादव, निशा साहू, निर्मला देवी, राधा थापा, जानकी साहू, अनिता तनवर, नेहा राय, सिमरन राय, रूबी सिंह, सोनिया देवी, अनिता देवी, मीना भट्टाचार्य, उषा देवी, रूकमणी देवी, नीलम सिंह, नीलम रघुवंशी आदि का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन आंचल अग्रवाल ने किया।

### केशरवानी समाज ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोरबा में सावन उत्सव तीज महोत्सव के रूप में मनाया गया इस मौके पर प्रदेश के अध्यक्ष अशोक केशरवानी मुख्य अतिथि एवं महिला अध्यक्ष श्रीमती विभा विजय केसरवानी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस मौके पर प्रदेश के संरक्षक विजय केसरवानी एवं महिला प्रदेश संरक्षक श्रीमती मनीषा अशोक केशवानी की उपस्थिति सराहनीय रही। बलौदा बाजार से श्रीमती रजनी राजेश केसरवानी नगर उपाध्यक्ष एवं राजेश केसरवानी की उपस्थिति भी कार्यक्रम में थी। कार्यक्रम होटल टॉप एंड टाउन में रखा गया था। केशरवानी समाज की बहू बेटियों का सावन सुंदरी का कार्यक्रम प्रतियोगिता में श्रीमती आषी आशीष को ताज पहनाया गया एवं सभी माता बहने को सावन सुंदरी घोषित किया गया। इस तरह से सभी को सावन सुंदरी बनने का अवसर मिला।

### ज्योति बनी सावन क्वीन



**ढेलवाडीह।** जागृति महिला मंडल द्वारा सावन महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जागृति क्लब की अध्यक्ष श्रीमती गीतांजलि तिवारी के भावपूर्ण स्वागत भाषण द्वारा हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता राय सब एरिया, डाबरिया, वैजयंती खूंटे, बबीता सोनकर तथा डॉ. मोनिका उपस्थित रहे। महोत्सव में मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रमों की श्रंखला रही। स्वादिष्ट व्यंजनों की महक और अनेक सरप्राइज ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही सावन क्वीन प्रतियोगिता जिसमें श्रीमती ज्योति दिवान को सावन क्वीन के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के अंत में जागृति महिला मंडल की सचिव श्रीमती ज्योति दिवान ने आभार जताया।

### बालको में मना सावन उत्सव



**बालको।** परसाभाटा में महिला मंडल द्वारा सावन उत्सव मनाया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला समाज बालकों द्वारा उत्सव मनाया गया। अध्यक्ष श्रीमती जागेशवरी साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती निशा देवांगन, उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन राठौर, उप सचिव श्रीमती उमा राठौर, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति सोनी, उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा श्रीवास, मीडिया प्रभारी श्रीमती पूर्व जायकवाड उपस्थित रहीं।

**खबर संक्षेप**



## चार आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों का कटघोरा विधायक ने किया भूमिपूजन

**हरदीबाजार।** ग्रामीणों ने कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग रखी थी। जिसे विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनपुर में एक, ग्राम पंचायत राल में एक तथा आश्रित ग्राम बसंतपुर में दो आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। कुल 4 आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति राशि 46.76 लाख रुपये की लागत से जिला खनिज न्यास मद से की जाएंगी। यह विकासात्मक पहल नन्हें बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक एवं पोषण संबंधी वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की माताओं और बच्चों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर रघुराज सिंह उईके, सरपंच जागेश्वर कंवर, सरपंच श्रीमती लक्ष्मी अर्जुन कुमार, मन्नु सांई राठौर, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार कश्यप, प्रह्लाद सिंह,पंचमीना, बजरंगदास, श्यामलाल यादव, अमृता दास, ज्ञानदास, समय सहित नागरिक व ग्रामीण उपस्थित थे।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### खदानों के बाहर...

आवश्यक विचार करने को कहा था। प्रबंधन ने इस मामले को शीर्ष प्रबंधन के स्तर का बताया और गेंद दूसरे पाले में डाल दी। कोयला कंपनी व उद्योगों पर दबाव बनाने की नीति से वाहन मालिकों ने सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया जिसकी वजह से सुबह 6 बजे से खदानों में ट्रक व ट्रेलरों के पहिये थम गए। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र दास ने जानकारी देते हुए बताया कि लिफ्टरों के साथ बैठक हुई है। उन्होंने उनकी मांगो को लेकर 5 अगस्त तक का समय मांगा है। दीपका सामुदायिक भवन में उनकी मांगों को लेकर बैठक होगी तब तक के लिए हड़ताल को टाल दिया गया है। देर शाम 7 बजे के बाद खदानो से ट्रेलरों का परिचालन शुरु कर दिया गया है।

### सीआईआई द्वारा आयोजित ग्रीन स्टील व माइनिंग समिट में देशभर से आए उद्योगपतियों से संवाद

# ग्रीन उद्यम की परिकल्पना को साकार करने साय सरकार दे रही विशेष पैकेजः लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीआईआई द्वारा आयोजित ग्रीन स्टील व माइनिंग समिट 2025 प्रदेश के वाणिज्य व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सम्मिलित हुए। देश भर से आए उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य में 1 नवंबर 2024 से राज्य एवं देश की श्रेष्ठ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 को लागू किया गया है। खनिज संसाधन के उत्पादन में देश के सर्वोत्तम राज्य, विद्युत उत्पादन में नंबर एक, एवं प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ में हर सेक्टर के उद्योग निवेश करने रुचि ले रहे।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पारंपरिक स्टील के निर्माण में में बड़ी मात्रा में कार्बन का उत्सर्जन होता है जोकि जलवायु के लिए हानिकारक है। इसलिए यह आवश्यक है कि इसके उत्सर्जन को कम करने के उपायों पर गंभीरता से विचार किया जाकर उत्सर्जन कम किया जावे ताकि आने वाली पीढ़ी को हम एक स्वच्छ और सुंदर रहने योग्य घरती सौंपें। हमारी नवीन औद्योगिक नीति में पहली बार ग्रीन उद्यम की परिकल्पना को साकार करने के लिए पर्यावरण संरक्षण उपायों को अपनाने के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन इनवायरमेंट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अनुदान (पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान), जल एवं उर्जा दक्षता (एनर्जी ऑडिट) व्यय प्रतिपूर्ति, गैर काष्ठ वनोपज प्रसंस्करण एवं ग्रीन हाइड्रोजन / कम्प्रेस्ड बॉयो गैस सेक्टर के वृहद उद्यम हेतु औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य की नई औद्यागिक विकास नीति 2024-30 में उद्योगों की नवीन तकनीक को अपनाने हेतु प्रोत्साहित कियाजा रहा है। यदि स्टील उद्योगों द्वारा इस दिशा में कार्य किया जाता है तो राज्य शासन की ओर से मदद की जाएगी। श्री देवांगन ने कहा कि राज्य के आयरन ओर भंडार बस्तर क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन के द्वारा कोर-सेक्टर के स्टील इकाईयों तथा अन्य कोर सेक्टर की इकाईयों को पात्रतानुसार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के अतिरिक्त 50 प्रतिशत तक आयरन ओर रायल्टी तथा 100 प्रतिशत कोल पर रायल्टी एवं राज्य को प्राप्त होने वाले सेस की प्रतिपूर्ति 150 प्रतिशत तक वर्ष तक किये जाने का प्रावधान भी किया गया है। इसके अलावा राज्य की नीति में नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति ,विद्युत शुल्क छूट, स्टॉम्प शुल्क छूट, पंजीयन शुल्क प्रतिपूर्ति, डायर्वशन शुल्क छूट, जल व्यय प्रतिपूर्ति, रॉयल्टी प्रतिपूर्ति, रोजगार व्यय अनुदान, ईपीएफ प्रतिपूर्ति, प्रशिक्षण व्यय प्रतिपूर्ति एवं 1000 करोड से अधिक निवेश करने वाले / 1000 व्यक्तियों को रोजगार देने वालों के लिए बी-स्पोक योजना का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में सचिव उद्योग रजत कुमार, सीआईआई के ईस्टन रीजन के चेयरमैन शास्वत गोयेंका, सिद्धार्थ अग्रवाल, समेत अन्य प्रमुख उद्योगपति उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री एवं अन्य।

## सड़क मरम्मत करवाने भाजपा नेता ने प्रभारी मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढेलवाडीह

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बिलासपुर संभाग के सह प्रभारी राजेश यादव ने कटघोरा कॉलेज के पास सड़क पर गड्ढे को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए प्रभारी मंत्री को अवगत कराया है। कटघोरा-कोरबा सड़क के मुख्य मार्ग कालेज के पास सड़क के किनारे मिट्टी कटने से गड्ढा हो गया है जिससे राहीगरों और कालेज के छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना पड़ रहा कभी भी कोई दुर्घटना हो सकता है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग मौन है.पी डब्लू डी विभाग किसी दुर्घटना का इंतजार में है। भाजपा नेता राजेश यादव ने 5 दिन के अंदर मिट्टी भरने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को निवेदन किया है यदि 5 दिन के अंदर गड्ढे में मिट्टी नहीं भरा जाता है तो भाजपा नेता कहा चक्काजाम करेगे जिसका संपूर्ण जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग कटघोरा की होगी। उक्त सड़क को लेकर भाजपा नेता श्री यादव ने लोक निर्माण मंत्री, नगरीय निकाय, प्रभारी मंत्री अरुण साहू को अवगत कराया है।

## गौ विज्ञान परीक्षा के पोस्टर का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन



पोस्टर का विमोचन करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ संवर्धन एवं संरक्षण समिति द्वारा किया जा रहा है। इस हेतु 27 जुलाई को गौ विज्ञान पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री के कर कमलों से हुआ। इस दौरान गौ सेवा गतिविधि के प्रांतीय अधिकारी, विभाग संयोजक, जिला संयोजक, सह संयोजक,परीक्षा प्रभारी सभी उपस्थित रहे। परीक्षा का उद्देश्य में यह निहित है कि गौवंश न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है अपितु उसका पर्याप्त वैज्ञानिक आधार भी है। हमारे स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए गौवंश अत्यंत आवश्यक है। यदि गोवंश नहीं रहेगा तो सृष्टि भी समाप्त हो जाएगी। गौवंश का हमारे जीवन में महत्व ना जान पाने के कारण समाज गौसेवा एवं गौपालन से विमुख हो रहा है जिसके कारण गौवंश सड़कों पर आ गया है। प्रतिदिन दुर्घटनाएं घट रही है जिसमें गौवंश के साथ-साथ इंसानों की भी क्षति हो रही है। दिनों दिन यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है और समाज अपने दायित्व से विमुख होकर सिर्फ सरकार की ओर ताक रहा है। विमोचन के दौरान प्रान्त गौ उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख लालिमा जायसवाल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल विभाग संयोजक, शंभु दास महंत विभाग संयोजक, गुरमीत सिंह जिला संयोजक, कौशलेंद्र सिंह जिला सह संयोजक, परीक्षा प्रभारी गजेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ दण्डाधिकारी कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र./ /अ-2/2024-2025
ग्राम कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित आम जनता/संस्थान को सूचित किया जाता है कि आवेदक रतन कुमार अग्रवाल पिता भगवानदास उर्फ रामप्रताप, जाति-अग्रवाल, निवासी-कटघोरा, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.न. 10, तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ०ग०) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 176/1/ङ रकबा 0.065 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार आपत्ति हो तो दिनांक 04.08.2025 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुहर से जारी किया गया।

**सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा०) कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**कोरबा मार्केट**









## खबर संक्षेप

### तन्मय बने कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी

**कोरबा।** सामान्य प्रशासन विभाग ने 2023 बैच के 4 अफसरों की पदस्थापना सूची जारी की है। सूची में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2023 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में फेस दो प्रशिक्षण संपन्न करने तथा 25 जुलाई को कार्यमुक्त होने के बाद अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। सूची में 2023 बैच के आईएएस अनुपमा आनंद को सहायक कलेक्टर रायपुर से अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली महासमुंद भेजा गया हैं। आईएएस एम भार्गव को सहायक कलेक्टर दुर्ग से अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ राजनांदगांव। आईएएस तन्मय खन्ना को सहायक कलेक्टर बिलासपुर से अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा कोरबा, आईएएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी को सहायक कलेक्टर जांजगीर चांपा से अनुविभागीय अधिकारी घरघोड़ा रायगढ़ भेजा गया हैं।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**कोरबा।** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू हो गई है। जिले में भी मंडल कांग्रेस कमेटी व सेक्टर कांग्रेस कमेटी के गठन के लिए बनाए गये प्रभारी अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में बैठक लेना शुरू कर दिये हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि 29 जुलाई की दोपहर 3 बजे बालको प्रभारी नारायण कुर्रे, दर्री प्रभारी मुकेश राठौर, कुसमुण्डा प्रभारी कृपाराम साहू बैठक लेंगे। बालकों में उत्सव वाटिका में कुसमुण्डा में प्रेमनगर सामुदायिक भवन में दर्री के साडा कॉलोनी अग्र मंगल भवन में बैठक लेंगे। बैठक को सफल बनाने दर्री ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, बालको ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, कुसमुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### लायंस क्लब के तत्वाधान में निशुल्क जांच परामर्श शिविर आज

**कटघोरा।** लायंस क्लब कटघोरा छुरी व रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में अग्रसेन भवन कटघोरा में 29 जुलाई की सुबह 11 से 2 बजे तक मस्तिष्क रोग एवं पेट रोग के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ उमेश कुमार चंद्रा व डॉ चारू शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### उरगा स्टेशन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली की गई लागू

**कोरबा।** रेल संचालन में तकनीकी दक्षता और संरक्षा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के उरगा स्टेशन पर 27 जुलाई को नई केंद्रीयीकृत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। इस नई प्रणाली के अंतर्गत पुरानी एंड पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को प्रतिस्थापित कर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली लागू की गई है। यह उन्नयन न केवल संरक्षा मानकों को सुदृढ़ करेगा, बल्कि संचालन प्रक्रिया को भी अधिक सुगम, प्रभावशाली एवं विश्वसनीय बनाएगा। इसके अतिरिक्त, इस कार्य के अंतर्गत उरगा यार्ड में "उरगा-कुसमुंडा नई जॉइंट लाइन" (कोरबा बायपास लाइन) की भी सफलतापूर्वक कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। यह 12.63 किलोमीटर लंबी बायपास लाइन, छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेल कॉरिडोर के तहत निर्मित एक महत्वपूर्ण लिंक है, जो यात्री एवं मालगाड़ियों गाड़ियों के निर्बाध परिचालन में सहूलियत प्रदान करेगी तथा समय की बचत के साथ परिचालन कुशलता भी सुनिश्चित करेगी।

### रिवर फ्रंट निर्माण करवाने विधायक को सौंपा पत्र



**कोरबा।** नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हसदेव नदी के दोनों किनारों पर दर्री बाँध से कुदूरमाल पुल तक रिवर फ्रंट निर्माण करवाने हेतु, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया पत्र सौंपा है।

### झारखंड, रांची जाने वाली अंतरराज्यीय यात्री बसें प्रतिदिन गुजरती हैं

# 50 साल पुराने जर्जर पुल से प्रतिदिन गुजरते हैं सैंकड़ों वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

झगरहा से कोरकोमा होकर कुदमुरा हाटी होते हुए जशपुर झारखंड रांची जाने वाले मार्ग में कोरकोमा के पास स्थित 50 साल पूर्व बने पुल की हालत जर्जर हो चुकी है।

**खास बात**

- मरम्मत को लेकर अब तक नहीं बनी कोई बड़ी कार्ययोजना

कभी कभार लोक निर्माण विभाग के द्वारा खानापूर्ति कर दी जाती है। वर्तमान में बारिश के दौर में इस जर्जर पुल से सैंकड़ों वाहन गुजर रहे हैं। जिनमें अंतरराज्यीय यात्री बसों के अलावा निजी वाहन के साथ भारी वाहन भी शामिल हैं।

शहर के बड़े और प्रमुख मार्गों में स्थित पुल पुलियों के नवनिर्माण का काम शासन के अधोसंरचना मद से बीते कुछ वर्षों से किया जा रहा है। जिनसे कुछ स्थानों के पुल पुलियों की तस्वीर बदल चुकी है। इसके बावजूद कुछ ऐसे प्रमुख मार्ग मौजूद हैं जिनके मरम्मत और नवनिर्माण को लेकर कोई बड़ी कार्ययोजना बनते नजर नहीं आ रही है। ऐसे प्रमुख मार्ग में झगरहा कोरकोमा मार्ग शामिल हैं। इस मार्ग में स्थित पुराने पुल को बने हुए 50 साल पूरे हो चुके हैं।

स्थानीय निवासियों की मानें तो पुल को बने हुए लंबा अंतराल हो चुका है। मरम्मत को लेकर कई बार शासन प्रशासन तक अपनी बातें पहुंचाई गई हैं। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के क्षेत्रीय दौरा के दौरान उनको पुल की हालत से अवगत कराया जा चुका है। अब तक पुल के मरम्मत तो दूर दोनों ओर लोहे की रेलिंग भी नहीं लगी है। बांस बल्ली के सहारे रेलिंग बनाई गई है। भारी वाहनों के आवागमन से बरसात के समय पुल के ढहने का भी खतरा बना रहता है।



जर्जर पुल।

#### वन विभाग ने किया था पुल निर्माण

ग्रामीण अंचलों में आवागमन के लिए वन मार्गों में वन विभाग के द्वारा ही उस समय पुल पुलियों का निर्माण किया जाता था। कोरकोमा झगरहा मार्ग में निर्मित पुल वन विभाग के द्वारा तैयार किया गया है। निर्माण के दौरान वन विभाग ने गुणवत्ता को लेकर जिस तरह का मापदंड तैयार किया था उसका परिणाम है कि पुल आधी सदी गुजर जाने के बाद आवागमन मुख्य साधन बना हुआ है।

#### खतरे से सचेत करने लगाया गया बोर्ड

आवागमन करने वाले वाहन चालकों को पुल के जर्जर होने और हादसे की संभावना को देखते हुए खतरे से सचेत करने बोर्ड भी लगाया गया है। सकरा होने के कारण एक मात्र वाहन ही पुल से गुजर सकता है। बरसात में खतरे के मद्दे नजर यात्री गाड़ियों को गुजारने में वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ती है। कई बार दोनों ओर जाम भी लग जाता है।

#### सड़क के दोनों ओर की बही मिट्टी

झगरहा से कोरकोमा की ओर जाने वाले मार्ग में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के करीब सड़क की दोनों ओर की मिट्टी बारिश में बह जाने के कारण सड़क सकरी हो गई है। बारिश में मिट्टी में वाहनों के फंसने से बचाने के लिए वाहन चालक उक्त सड़क मार्ग से सिंगल गाड़ी ही गुजारते हैं मात्र एक गाड़ी गुजारने के कारण दोनों ओर गाड़ी का जाम लगता है। पीडब्ल्यू विभाग ने सड़क के दोनों ओर मिट्टी के बहने से बने गढ्ढों को भरने और समतलीकरण करने का कार्य भी नहीं किया गया है।



## पड़ोसी जिले का निकला बाइक चोर गिरोह का सरगना, 4 बाइक को छिपाकर रखा था जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले का एक शातिर बदमाश पिछले 4 महीने से दीपिका थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना को लगातार अंजाम दे रहा था। जिसने दीपका पुलिस की नाक में दम कर रखा था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर दीपका पुलिस की टीम शातिर बदमाश को धरदबोचने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। आखिरकार दीपिका पुलिस की मेहनत रंग लाई और पुलिस ने पड़ोसी जिले में दबिश देकर शातिर बाइक चोर को धरदबोचा है। पकड़े गए शातिर चोर ने की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की कुल 4 मोटरसाइकिल को दीपिका के जंगल से बरामद कर लिया है जबकि आरोपी से और भी बाइक चोरी की बाइक बरामद होने की संभावना जताई जा रही है। जिससे कड़ी पूछताछ की जा रही है।

**खास बात**

- दीपका पुलिस की मेहनत रंग लाई, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के गिरेबान तक पहुंची पुलिस

बताया जाता है कि यह बाइक चोर अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के माध्यम से लंबे समय से इस वारदात को अंजाम दे रहा था। बताया जाता है कि दीपिका थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपिका कॉलोनी व खदान क्षेत्र में पिछले कुछ महीनो से लगातार मोटरसाइकिल की चोरी हो रही थी। लगातार बढ़ती चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को बाइक चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने के लिए निर्देशित किया था जिसके बाद दीपिका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू अपनी टीम के साथ लगातार प्रयास में जुटे हुए थे। इस बीच पुलिस को दीपिका कॉलोनी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक पुलिस को फुटेज प्राप्त हुआ। जिसके आधार पर पुलिस लगातार काम करते गई और यही सब पुलिस को क्लू मिला और फिर क्या था पुलिस ने पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा के थाना बलौदा निवासी सुनील देवार उम्र 24 वर्ष, पिता राजेन्द्र देवार को धरदबोचा और जब पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने दीपका क्षेत्र में चोरी करना कबूल कर लिया। शातिर बदमाश ने पुलिस से बचने के लिए उसने चोरी की बाइक को अपने घर में नहीं रखी थी बल्कि दीपका थाना क्षेत्र के जंगल में ही चोरी की चारों बाइक को छिपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की 4 नग मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है और पुलिस आरोपी से कड़ी पूछताछ कर रही है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि इस चोरी के मामले में कुछ अन्य गिरोह के सदस्य भी शामिल हैं। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस प्रयास कर रही है जिससे संभावना जताई जाए जा रही है कि चोरी की कुछ और मोटरसाइकिल भी बरामद होंगे।



पुलिस गिरफ्त में जप्त बाइक के साथ चोर गिरोह का सरगना।

#### ये मोटर सायकल हुए बरामद

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी सुनील देवार के कब्जे से पुलिस ने मोटर सायकल में हिरो एच.एफ. डिलक्स क्रमांक सीजी 12 एवाय 4211, होण्डा सीबी साइन क्रमांक सीजी 12 एब्डल्यू 1976, हीरो स्पेनडर प्लस क्रमांक सीजी 12 बीके 4368, टीव्हीएस लूना को बरामद किया है। पुलिस को संभावना है कि सुनील अपने साथियों के पास चोरी की और मोटर सायकल छिपाकर रखा है। सुनील की निशानदेही पर पुलिस मामले में लिप्त और लोगों के धरपकड़ का प्रयास कर रही है। फरार आरोपियों के पकड़े जाने के बाद चोरी की कुछ और मोटर सायकल बरामद हो सकती है।

## दो अलग- अलग मकान में चोरी, हजारों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो स्थानों में चोरी की घटना सामने आयी है जहां मकान मालिकों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

चोरी की पहली घटना सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र की है। खरमोरा निवासी सुनीता कर्ष उम्र 30 वर्ष पति मनोज कर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खरमोरा में किराये के मकान में अपने पति व दो बच्चों के साथ निवास करती है। 26 जुलाई की दोपहर लगभग 1 बजे सुनीता के घर में रखे नगदी 30 हजार रूपये एवं चांदी का पायल को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी शुरु कर दी है। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली की है। यहां निवासरत व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रोजी मजदूरी का कार्य करता है। 25 जुलाई की रात्रि 8 बजे वह अपने भतीजा मोहम्मद आलम के घर खाना खाने गया था, घर में मुख्य द्वार पर ताला लगाया था, खाना खाकर वापस रात्रि 10 बजे अपने घर आकर देखा तो घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा था। अंदर कमरे में जाकर देखा तो कमरे में रखे लकड़ी का आलमारी खुला था, आलमारी के अंदर रखे पेटी भी खुला था, पेटी में रखे नगदी रकम 15 हजार रुपए एवं 1 जोडी छोटी कान का बाली सोने का एंव 1 जोडी पैर पट्टी जुमला किमती लगभग 23 हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

## फिर से ओवरलोड कोयला परिवहन करते पकड़ा गया ट्रेलर, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुण्डा खदान में पदस्थ अधिकारी एस एल धैर्य द्वारा 26 जुलाई को रूटींन चेकअप के दौरान लगभग सुबह 10 बजे एक नं सीजी 10 बीएम 9236 को चेक किया गया। एस. एल. धैर्य के अधिकारी रोड सेल के द्वारा ट्रक का रिवजन किया गया तो ट्रक में 31.41 टन पाया गया ग्रास वजन 26.30 टन होना चाहिए था। 6 टन से अधीक कोयला चोरी कर गाडी में डाल लिया था। गाडी का खाली वजन 15-40 टन, ग्रास वजन 26.30 टन होना चाहिए था। वजन कराते समय चालक के कांटा घर से कांटा घर 25 नंबर से गाडी लेकर भाग गया। कहीं अधीक कोयला को गिरा दिया। गाडी छोडकर भाग गया डीओ होल्डर को शाम को बुलाया गया और पुनः रिविजन कराने पर सही वजन मिला। मामले की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की शिकायत शुरु कर दी है। ज्ञात रहे कि 2 दिन पहले ही कुसमुण्डा खदान में रोड सेल के अधिकारियों ने चेकिंग के दौरान 4 ट्रेलर वाहन में क्षमता से अधिक कोयला पाया गया था कि इस मामले में भी एसईसीएल प्रबंधन की रिपोर्ट पर पुलिस ने 4 ट्रेलर चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया था।






## छेड़छाड़ के मामले में डीएमसी के खिलाफ अपराध दर्ज, कब होगी गिरफ्तारी

**कोरबा।** शिक्षा विभाग में पदस्थ डीएमसी के खिलाफ सहकर्मी महिला की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में छेड़छाड़ का अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा में पदस्थ डिस्ट्रिक मिशन कोओर्डिनेटर मनोज पांडे पर असिस्टेंट प्रोजेक्ट को कॉर्डिनेटर ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की थी। महिला की शिकायत सिविल लाइन पुलिस ने मनोज पाण्डेय के खिलाफ छेड़छाड़ का अपराध दर्ज किया है। सूत्र बताते हैं कि लंबे समय से मनोज पाण्डेय महिला सहकर्मी को परेशान कर रहा था। परेशान होकर आखिरकार महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। देखना है कि अब डीएमसी मनोज पाण्डेय की मामले में कब तक गिरफ्तारी होती है।

### सफाई पर समझौता नहीं

**कोरबा।** सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थल में कचरा डालने वालों व शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने वालों को अल्टीमेटम देते हुए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा है कि साफ-सफाई कार्य व शहर की स्वच्छता के साथ किसी प्रकार का कम्प्रोमाईज नहीं किया जाएगा, गंदगी करने वालों के विरूद्ध अब कड़ी कार्यवाही होगी।


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780


### गंदगी करने वालों के साथ अब कोई रियायत नहीं

# राजू होटल पर निगम ने लगाया 50 हजार का अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम द्वारा शहर को साफ-सुथरा रखने, गंदगी न फैलाने की दी जा रही लगातार समझाईश के बाद अब शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने व गंदगी फैलाने वालों के साथ निगम किसी भी प्रकार की रियायत करने के मूड में नहीं है, सोमवार को टीपी नगर स्थित राजू होटल के संचालक द्वारा गंदगी फैलाने एवं होटल से उत्सर्जित अपशिष्ट को नाली में डालने पर निगम ने कड़ी कार्यवाही करते हुए उस पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया, साथ ही कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति होने पर अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के कोरबा में पदस्थ होने के बाद से ही शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई व्यवस्था में आमूल-चूल सकारात्मक बदलाव लाने को निगम द्वारा सर्वप्राथमिकता पर रखा गया है, एक ओर जहाँ आयुक्त आशुतोष पाण्डेय स्वयं प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शहर का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो सहित अन्य व्यवस्थाओं का कड़ाई से निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके कड़े दिशा निर्देशन में निगम के सभी जोन कमिश्नर अपने-अपने जोन के मैदानी अमले व एक्शन टीम के साथ सुबह-सुबह फील्ड में खडे. नजर आते हैं, जो वार्ड व बस्तियों का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो, अतिक्रमण, अवैध कब्जों सहित पेयजल, सड़क रोशनी व शहर की अन्य व्यवस्थाओं का सतर्क निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। निगम अमले द्वारा साफ-सफाई के प्रति लोगों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है, शहर की स्वच्छता में अपनी सहभागिता देने की अपील के साथ लगातार समझाईश भी दी जा रही है। इन सबके बावजूद कतिपय लोग अपनी आदतों में सुधार नहीं ला रहे हैं, उनके द्वारा कचरे को सड़क नाली में डाल दिया जा रहा है, जिससे शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई कार्य बाधित हो रहे हैं, निगम के इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को धक्का लग रहा है।



कार्यवाही करते निगम अधिकारी।

#### शराब दुकान पर 5 हजार का अर्थदण्ड

निगम के अमले के द्वारा खरमोरा मैगजीनभांठा स्थित शराब दुकान के संचालक पर भी गंदगी फैलाने के कारण 5 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। अधिकारियों ने बताया कि उक्त शराब दुकान परिसर तथा आसपास के स्थल में काफी मात्रा में गंदगी फैलाई गई थी, जिस पर कार्यवाही करते हुए निगम अमले ने उक्त अर्थदण्ड लगाया, साथ ही कड़ी चेतावनी दी कि उत्सर्जित कचरे का उचित प्रबंधन दुकान संचालक कराएं, गंदगी न करें अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।


online Booking:-www.tripuryatra.com


11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411